BSNL Connecting India Faster

Press Media Communication Report

-From Public Relations Cell BSNL CO New Delhi

Publication:	राष्ट्रीय सहारा	Page No:	15
Place:	नई दिल्ली	Date:	17/12

बीएसएनएल का ₹99 में असीमित कॉल का आफर

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने अपने प्रीपेड ग्राहकों के लिए मुफ्त कॉल की पेशकश के साथ असीमित मुफ्त डाटा की पेशकश की है।

कंपनी ने बयान में कहा, 'बीएसएनएल ने असीमित स्थानीय एवं एसटीडी (बीएसएनएल से बीएसएनएल) कॉल के साथ 300 एमबी डेटा की पेशकश की है। 99 रुपए के एक प्लान की वैधता 28 दिन की होगी।' ये दरें कोलकाता टीडी, प. बंगाल, बिहार, झारखंड, असम, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और राजस्थान में नेटवर्क के अंदर की कॉल्स के लिए होंगी। अन्य सर्किलों के लिए ये दरें 119 से 149 रुपए होंगी। बीएसएनएल ने नए कॉम्बो एसटीवी (असीमित स्थानीय और एसटीडी) बीएसएनएल से किसी नेटवर्क के साथ 1जीबी डेटा की भी पेशकश की है। ■ भाषा